
RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831







हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश


जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

वर्ष : 9 • अंक 122 • अगस्त - 2015 • • मूल्य : 15/-



## श्री कृष्ण मंदिर रातानाड़ा, जोधपुर



श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव पर उमड़े भक्त



# पूर्व मुख्यमंत्री
# श्री अशोक गहलोत
# का संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि जोधपुर से प्रकाशित '' माली सैनी संदेश '' हिन्दी मासिक पत्रिका के 11वे वर्ष में प्रवेश करने पर बहुरंगी विशेषांक का प्रकाशन किया जा रहा है। साथ ही इस अवसर पर पत्रिका परिवार द्वारा ''महात्मा ज्योति फूले क्रांति ज्योति स्कॉलरशिप ''का शुभारंभ कियाजा रहा है।

किसी भी मासिक पत्रिका के प्रकाशन के 10 वर्ष पूर्ण होना एवं महात्मा ज्योतिबा फूले जैसे महापुरूष के नाम से छात्रवृति योजना का शुभारंभ अपने आप में महत्वपूर्ण है।

यह शुभ है कि ''महात्मा ज्योति बा फूले क्रांति ज्योति स्कॉलरशिप '' योजना से समाज के जरूरतमंद बच्चों एवं युवाओं को शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता दी जायेगी। अशा है यह पत्रिका पत्रकारिता के स्वच्छ मानदंड़ों के अनुरूप अपने पाठकों की निरंतर सेवा करने में सफल हो सकेगी।

मैं संपादक एवं पाठकों को पत्रिका के 11वें वर्ष में प्रवेश पर बधाई देते हुए विशेषांक की सफलता के लिएअपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

अशोक गहलोत

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

# माली सैनी सन्देश

• वर्ष : 9 • अंक 122 • 31 अगस्त 2015 • मूल्य : 15/- प्रति


## सम्पादक मण्डल

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**

( अध्यक्ष, जोधपुर ठेकेदार ऐसोसियेशन )

( अध्यक्ष, माली सैनी समाज सेवा समिति )

**सह संरक्षक:**



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**

(उपाध्यक्ष,भाजपा, जोधपुर)

**प्रेस फोटोग्राफर**

**जगदीश देवड़ा**

(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

**मार्केटिंग इंचार्ज**

**रामेश्वर गहलोत**

(मो. 94146 02415)

**कम्प्यूटर**

**इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर**

(मो. 7737651040)


पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

## इस अंक में

### आवरण कथा

## समारोह पूर्वक मनाया विद्यालय का 118वां स्थापना दिवस

श्री अशोक गहलोत ने किया नवनिर्मित भवन का लोकार्पण





अजमेर में श्री धमेन्द्र गहलोत लॉटरी से बने मेयर, हर्ष की लहर

समारोह पूर्वक मनाया विद्यालय का 118वां स्थापना दिवस

अजमेर नगर निगम में समाज के विजयी प्रत्याशी

संत शिरोमणी श्री लिखमीदास जी महाराज के पुण्यतिथि पर विशाल रक्तदान एवं सम्मान समारोह

जोधपुर भवन हरिद्वार के नये कार्यालय एवं रामदेव जी की मूर्ति की प्राणप्रतिष्ठा 25 को

नरेश गहलोत निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

बाबा रामदेव कलयुग के अवतार, सभी के तारणहार- कुशाल गिरीजी

जोधपुर में श्री अशोक गहलोत ने प्रशासनिक सेवा में चयनित अधिकारियों का किया सम्मान

श्री इंद्र सिंह सांखला बने श्री कृष्ण मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष

दलगत नीति से परे हटकर समाज को साथ लेकर चलने की जरूरत-सैनी

सैनी समाज की कार्यकारिणी का विस्तार

प्रकाश बी.माली को समाज सेवा के क्षेत्र मे जिला प्रशासन द्वारा 15 अगस्त को सम्मानित

राजस्थान के विभिन्न विश्वविद्यालयों चुनावों में समाज के युवाओं ने दर्ज की जीत

फुले सेना ने लक्की मेले में दी जल सेवा

माली सैनी समाज के विवाहित जोड़ों को एफडीआर का किया वितरण

शिक्षा से ही समाज में जागृति - श्री मोती बाबा

विरेन्द्र मोर्य बने एस.पी.

सम्पादकीय....

# समाज के युवाओं को आपस में लड़ाने का कार्य करते सामाजिक नेता....

अभी हाल ही में राजस्थान छात्रसंघ के चुनाव संपन्न हुए। माली समाज के भी सैकड़ों प्रत्याशियों ने इन चुनावों में विभिन्न पदों पर चुनाव लड़ा तथा अनेकों प्रत्याशियों ने जीत दर्ज भी की। इसमें सबसे बड़ी जीत जोधपुर के जयनारायण विश्व विद्यालय के महासचिव पद पर समाज की होनहार छात्रा सुश्री निकिता गहलोत ने दर्ज की जिसने अपने प्रतिद्वंदी को रिकार्ड 3419 वोटों से हरा विश्वविद्यालय के इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया।

जोधपुर में हुए इन चुनावों में समाज के एक प्रत्याशी का नामांकन विश्वविद्यालय प्रशासन ने खारिज कर दिया। जिसके विरोध में हमारे समाज के नेता श्री सुनील परिहार ने प्रशासन से लड़ने की बजाय समाज के लोगों को पार्टी विशेष को ही वोट देने का आदेश दे दिया। अब यह कैसा संदेश कि समाज के अन्य प्रत्याशियों को नहीं मैं जिस पार्टी को कह रहा हूं सभी समाज के स्टूडेंट उसी पार्टी को वोट दें।

श्री सुनील परिहार इससे पहले भी अनेकों चुनावों में समाज के लोगों को आपस में लड़ा कर बांटने का कार्य कर चुके है। अब यह समाज के युवा वर्ग को भी भड़का कर समाज में राजनीति कर रहे है। अब उन्हें जब पता है इसमें समाज के अन्य प्रत्याशियों की कोई गलती नहीं है। समाज के वरिष्ठ नेता होने के नाते उनकी जिम्मेदारी है कि वो समाज के नाम से समाज के सभी प्रत्याशियों के लिए ही वोट मांगे लेकिन नहीं यहां भी इन्होंने राजनीति कर माहौल खराब करने की कोशिश की।

हमने इसके खिलाफ आवाज उठाई तथा युवा वर्ग को समझाया कि आप सामाजिक एकता का परिचय देते हुए समाज के जो भी प्रत्याशी इन चुनावों में खड़े है चाहे वो किसी भी पार्टी के है उन्हें जिताने के लिए भरपूर जोर लगाए। क्योंकि सभी अन्य समाज के लोग सबसे पहले अपने समाज के प्रत्याशी को जिताने का ही प्रयास करते है। समाज के शिक्षित युवाओं ने भी हमारी बात को समझा तथा उन्हें भी अहसास हुआ कि हमें अपने समाज की एकता का प्रदर्शन करना चाहिए तथा उन्होंने इन चुनावों में समाज की बेटी को रिकार्ड 3419 वोटों से तो जिताया ही साथ ही समाज के अन्य 8 प्रत्याशियों को भी विजयश्री दिलाने के लिए भरसक प्रयास किया और नतीजा समाज के 9 प्रत्याशियों की जोधपुर में जीत हुई।

श्री सुनील परिहार ने इसे पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमान अशोक गहलोत से जोड़ दिया। जबकि हाल ही में श्रीमान अशोक गहलोत का अपमान जब पार्टी के बड़े कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के समक्ष हुआ तब समाज के नेता कहा चले गए थे। तब ये सफाई देते है कि प्रोटोकॉल था। ऐसा कौनसा प्रोटोकॉल है जिसमें श्रीमान अशोक गहलोत जैसे दिग्गज अपनी पार्टी के कार्यक्रम में नहीं जा सकते जबकि जितनी उनके राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की उम्र है उतने वर्ष तो हमारे श्रीमान अशोक गहलोत ने बेदाग निष्पक्ष राजनीति की है। जिसका हमें गर्व है। यह उनका बढ़पन था कि उन्होंने इस बात को तुल नहीं दिया लेकिन हम तो उनके समर्थक है हमें तो इसका करारा जवाब देना चाहिए था?

श्री सुनील परिहार ने किसी भी मंच से या विज्ञप्ति दे कर इस घटना को विरोध क्यों नहीं किया? इसका जवाब इनके पास नहीं है। यह स्वयं को हमारी तरह श्रीमान अशोक गहलोत के समर्थक कहते है तो इन्हें मालूम होना चाहिए कि श्रीमान अशोक गहलोत का पहला आदर्श वाक्य है छतीसी कौमों की सेवा करना। जबकि श्रीमान सुनील परिहार तो हमारे समाज के ही लोगों को लड़ा रहे है वो भी समाज के नाम से , क्या हमारा समाज संगठित नहीं हो सकता? हमें श्रीमान अशोक गहलोत के साथ हुए दुर्व्यवहार का विरोध नहीं करना चहिए था?

हमारी समाज के ऐसे नेताओं से विनती है कि कृपया आप समाज को जोड़ने का काम नहीं कर सकते है तो उन्हें तोड़ने का कार्य नहीं करे। हमारे समाज ने श्री सुनील परिहार को इतना मान-सम्मान दिया इसका यह मतलब नहीं है कि आप अपने स्वयं के स्वार्थ के लिए हमारे समाज के युवाओं को आपस में लड़ाये। सोशियल मिडिया पर जब आप ऐसे व्यक्तत्व देते है तो उसका नुकसान हमें ही होता है जब हम उसका विरोध करते है तो कहते है ये बाते सोशियल मिडिया में नहीं करें। आप की तरह समाज के अनेकों नेता है जो राजनीति कर रहे है उनमें से किसी ने भी समाज के युवाओं को ऐसा दिशा निर्देश नहीं दिया कि माली समाज पार्टी विशेष को वोट दे जबकि वे भी हमारी तरह उसी पार्टी को सर्मथक है जिसके आप समर्थक है। समाज के युवाओं का हम आभार प्रकट करते है जो जिन्होंने सामाजिक एकता दिखा समाज को गौरवान्वित किया।



**मनीष गहलोत**
प्रधान सम्पादक

राजस्थान के निकॉय चुनावों में माली सैनी समाज ने प्राप्त की अप्रत्याशी सफलता

# अजमेर में श्री धमेन्द्र गहलोत लॉटरी से बने मेयर, हर्ष की लहर

## समाज के 19 चेयरमेन एवं 11 उप-चेयरमेन बन समाज को किया गौरवान्वित



अजमेर दिनांक 21 अगस्त शुक्रवार को अजमेर नगर निगम में एक बार फिर धर्मेन्द्र गहलोत की ऐतिहासिक ताजपोशी हुई। जैसे ही मेयर पद हेतू धर्मेन्द्र गहलोत का नाम घोषित हुआ। उसी दौरान भाजपा में बगावत के सुर उठ खड़े हुए। अजमेर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में वार्ड नम्बर 43 के भाजपा पार्षद व महिला एवंम बाल विकास मंत्री अनिता भदेल के खासमखास सिपहलकारों में एक माने जाने वाले सुरेन्द्र शेखावत ने विरोधी ताल ठोकते हुए कांग्रेस पार्षदों के समर्थन को लेकर कांग्रेस से मेयर के पद के लिए दावेदारी कर दी। जबकि अजमेर नगर निगम के नवगठित 60 वार्डो में से 31 पर भाजपा के पार्षदों का कब्जा हो जाने पर भाजपा का बोर्ड गठित होने का रास्ता बिल्कुल साफ था।

इस दौरान लॉटरी निकालने से पहले ही हंगामे व ड्रामें के बीच सुरेन्द्र सिंह शेखावत के समर्थकों ने शेखावत को मेयर घोषित कर दिया। खबर आग की तरह अजमेर शहर में फेल गई। इलेक्ट्रोनिक चैनलों ने बिना पुष्टी किए खबर को सही मानते हुए अपने चैनलों पर खबर को प्रकाशित कर दिया। बाद में लॉटरी से धर्मेन्द्र गहलोत का नाम उजागर हुआ। और निर्वाचन अधिकारी ने भाजपा के धर्मेन्द्र गहलोत को विधिवत मेयर पद का उम्मीदवार बनने की घोषणा कर डाली।

### गहलोत के नाम की पुष्टी के बाद माली समाज में दौड़ी खुशी की लहर

नगर निगम में एक बार फिर माली समाज के धर्मेन्द्र गहलोत के मेयर पद काबिज होने पर माली समाज में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। अजमेर स्थित माली बहुल्य क्षेत्रों में समाज के लोगों ने एक दुसरे का मीठा मुंह करा कर बधाई व शुभकामनाएं दी। देर रात तक कई क्षेत्रों में पटाखे फोड़ कर रंगबिरगी आतिशबाजीयां की गई।

### पीपाड़ में एडवोकेट श्री महेन्द्र सिंह कच्छवाहा निर्विरोध अध्यक्ष बनें

इसी प्रकार पीपाड़ नगर पालिका चुनाव में समाज के एडवोकेट श्री महेन्द्र सिंह कच्छवाहा सर्वप्रथम तो निर्विरोध पार्षद चुने गए और उसके बाद अध्यक्ष पद पर भी निर्विरोध विजयश्री प्राप्त कर समाज को गौरवान्वित किया है समाज में उनके विजयी होने पर अनेकों संगठनों के पदाधिकारियों एवं समाज सेवियों ने उनको बधाई प्रेषित की इस अवसर पर समाज द्वारा उनका सम्मान भी किया गया।

### बहू का स्वागत करने सास पहुंची पालिका

खेतड़ी। नवनिर्वाचित पालिका उपाध्यक्ष शशि सैनी के निर्वाचन की खबर पाकर सास श्रीमती अर्चना सैनी नगर पालिका पहुंची। बहू का फूल-मालाओं से स्वागत किया। सास अर्चना सैनी ने कहा कि उनकी बहू में राजनीतिक समझ शुरू से ही है और वह खेतड़ी के विकास के लिए कार्य करेगी। भाजपा की जीत के बाद कार्यकर्ताअओं ने गुलाल अबीर से खुशी प्रकट की। उपाध्यक्ष चुनाव में भाजपा की शशि सैनी ने कांग्रेस के जगदीश प्रसाद चनानिया पर आठ मतों से जीत हासिल की। बीस मतों में से शशि सैनी के पक्ष में 14 व जगदीश चनानिया के पक्ष में छह मत पड़े। शनिवार सुबह जगदीश चचानिया, शश सैनी व राकेश शास्त्री ने नामांकन दाखिल किए।

### लोकेश सैनी लॉटरी से बने पालिका उपाध्यक्ष

परबतसर। नगरपालिका सभाकक्ष में शनिवार को हु ए पालिका उपाध्यक्ष के चुनावों की नामांकन प्रक्रिया, नाम वापसी, मतगणना एवं परिणाम भी रोचक रहे। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी राजेंद्रसिंह चांदावत के समक्ष भाजपा से ओमप्रकाश सैन तथा कांग्रेस से श्यामसुन्दर चौहान व लोकेश सैनी के नामांकन दाखिल कराए गए। दोपहर को श्यामसुंदर चौहान ने नामांकन वापस ले लिया। बाद में बीजेपी के प्रत्याशी ओमप्रकाश सैन व कांग्रेस के प्रत्याशी लोकेश के लिए मतदान हुआ। जिसमें दोनों को ही अपनी-अपनी पार्टी के दस-दस मत मिले। एक बार फिर रोचकता बढ़ी तथा लॉटरी निकाली गई। जिसमें लोकेश के नाम की पर्ची खुली तथा कांग्रेस के लोकेश को पालिका उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित कर पद की शपथ दिलाई गई।

### शिवलाल माली निर्विरोध उपाध्यक्ष

पोकरण। नगरपालिका के उपाध्यक्ष्ज्ञ पद पर कांग्रेस के शिवप्रताप माली ने कब्जा कर लिया है। शनिवार को निर्धारित चुनाव प्रक्रिया के तहत शिवप्रताप माली का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। निर्वाचन के साथ ही एक बार फिर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। शहर में विजय जुलूस निकालकर खुशियां मनाई। शहर के 20 में से 12 वार्डो में जीत के बाद कांग्रेस आसानी से आनंदीलाल गुचिया को अध्यक्ष और शिवप्रताप माली को उपाध्यक्ष बनाने में कामयाब रही। पोकरण नगरपालिका में सता परिवर्तन हो चुका है और कांग्रेस का पूरा बोर्ड बनकर तैयार है।

### भाजपा के मांगीलाल गहलोत 5 मतों से रहे विजय

रानी। रानी नगरपालिका उपाध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में भाजपा के मांगीलाल गहलोत 5 मतो से विजयी रहे। उन्होंने कांग्रेस की योगिता राजपुरोहित को हराकर विजयीश्री हासिल की। रिटर्निंग अधिकारी अनवर अली खां ने बताया कि नगरपालिका उपाध्यक्ष पद के भाजपा के मांगीलाल गहलोत व कांग्रेस की योगिता राजपुरोहित द्वारा नामांकन प्रस्तुत किया गया। मतदान के बाद मांगीलाल गहलोत को 10 मत व योगिता राजपुरोहित को 5 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष चुनाव की घोषणा के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर छा गई। नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष पूर्व में भी दो बार पार्षद रह चुके हैं।

# निकॉय चुनावों में समाज के विजयी महापौर, अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष



**धर्मेन्द्र गहलोत**
महापौर
नगर निगम अजमेर



**कृपाराम सोलंकी**
नगर पालिका नागौर




**महेन्द्रसिंह कच्छवाह**
नगर पालिका पीपाड़




**महेन्द्र सैनी**
नगर पालिका कोटपुतली



**श्रीमती मंजू भाटी**
नगर पालिका जैतारण



**पुष्कर माली**
नगर पालिका बड़ी सादड़ी



**मांगीलाल टाक**
नगर पालिका सोजत सिटी



**ज्योति सैनी**
नगर पालिका राजगढ़



**रेणुका सैनी**
नगर पालिका विराटनगर



**सुरेन्द्र कुमार सैनी**
नगर पालिका नवलगढ़



**उर्मिला सैनी**
नगर पालिका तिजारा



**पुष्पा सैनी**
नगर पालिका उदयपुर वाटी



**सत्यनारायण सैनी**
नगर पालिका मुकुन्दगढ़



**जगदीश माली**
नगर पालिका लालसोट

## राजस्थान निकाय चुनाव में विजयी उपाध्यक्ष



नगर पालिका, पोकरण
शिवप्रताप माली



नगर पालिका, अंता
रामराज बागड़ी




नगर पालिका, खेतड़ी
शशी सैनी



नगर पालिका, मंडावा
छोटेलाल सैनी



नगर पालिका, छोटी सादड़ी
रामचंद्र माली



नगर पालिका, रानी
मांगीलाल गहलोत



नगर पालिका, लाखेरी
दिनेश माली



नगर पालिका, सरदार शहर
मुरलीधर सैनी



नगर पालिका, परबतसर
लोकेश सैनी

**सभी विजयी प्रत्याशियों को
पत्रिका परिवार की और से
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं**

श्री अशोक गहलोत ने किया नवनिर्मित भवन का लोकार्पण

# समारोह पूर्वक मनाया विद्यालय का 118वां स्थापना दिवस

जोधपुर। श्री सुमेर शिक्षण संस्थान द्वारा 28 अगस्त, 2015 को अपना 118 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि श्रीमान् अशोक गहलोत (पूर्व मुख्यमंत्री, राज. सरकार) अध्यक्ष श्रीमान् राजेन्द्रसिंह सोलंकी (नेता प्रतिपक्ष, नगर निगम एवं पूर्व अध्यक्ष, जेडीए), विशिष्ट अतिथि श्रीमान् राजेन्द्र गहलोत (पार्षद एवं पूर्व मंत्री, राज. सरकार) श्रीमान् सुनील परिहार (पूर्व अध्यक्ष राजसिको) श्रीमान् नरेन्द्रसिंह कच्छवाहा (पूर्व शहर जिलाध्यक्ष, भाजपा) थे।

बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन व बढ़ावा देने हेतु श्री सुमेर उ.मा. विद्यालय (बालिका वर्ग) के लिये नवनिर्मित भवन का उद्घाटन भी इन अतिथियों द्वारा किया गया, साथ ही इस भवन के कुछ भाग के निर्माण हेतु आर्थिक सहयोग देने वाले भामाशाहों, सोलंकी परिवार, श्रीमान् आनन्दसिंह गहलोत, श्रीमान् अर्जुनसिंह गहलोत परिवार, श्रीमती सरस्वती परिहार परिवार आदि का सम्मान भी मुख्य अतिथि द्वारा किया गया।

राष्ट्रीय, राज्य स्तर पर खेल के क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले व मेघावी विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। यह एक ऐसा अनूठा संस्थान है जहाँ विद्यार्थी अपनी प्रारंभिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त करते हैं। परमवीर चक्र प्राप्त मेजर शैतानसिंह, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जैसे विशिष्ट व्यक्ति यहाँ के छात्र और पूर्व मुख्यमंत्री जयनारायण व्यास यहाँ के शिक्षक रहे हैं।

1898 में स्थापित श्री सुमेर उ.मा.वि. के पश्चात् वर्ष 2004 में श्री सुमेर लिटिल रोजेज स्कूल, वर्ष 2012 में श्री सुमेर महिला महाविद्यालय की स्थापना हुई। यह संस्थान शिक्षा के क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति करते हुए अग्रणी हुआ हैं।

इस अवसर पर इस संस्थान की तीनों शाखाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। स्वागत भाषण निदेशक मण्डल अध्यक्ष, श्री चेतन प्रकाश देवड़ा द्वारा दिया गया। इस अवसर पर श्री सुमेर शिक्षण संस्थान के निदेशक मंडल व प्रबंध समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।















माली समाज की प्रमुख पत्रिका के 10वर्ष पूर्ण कर 11वें वर्ष में प्रवेश करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्री कृष्णा ज्वैलर्स
सोने चांदी के आभूषणों के विक्रेता
चतुरावता पुलिया, नृसिंहजी की प्याऊ, माता का थान रोड़, जोधपुर ( राज. )
श्रवण सोलंकी
94140 43655
हरि ॐ ज्वैलर्स
सोने चांदी के आभूषण के निर्माता
बस स्टेण्ड, भोपालगढ़, जोधपुर ( राज. )
अमराराम सोलंकी
राजेश राड़
श्याम सोलंकी
हरि ॐ म्यूजिक सेन्टर
अमराराम सोलंकी
कलर टी.वी., सी.डी., डी.वी.डी., सेल एवं सर्विस
श्याम सोलंकी
बस स्टेण्ड, भोपालगढ़, जोधपुर ( राज. ) मोबाइल : 94139 55738, 93511 70557, 9414564062

# अजमेर नगर निगम में समाज के विजयी प्रत्याशी



श्री धर्मेन्द्र गहलोत
मेयर-नगर परिषद
अजमेर




श्री गणेश चौहान
पार्षद



श्री महेन्द्र जादम
पार्षद



श्री गोपाल चौहान
पार्षद



श्रीमती उर्मिला गढ़वाल
पार्षद



श्रीमती सन्तोष मौर्या
पार्षद



श्री बिना टाक
पार्षद



श्री विजयसिंह गहलोत
पार्षद



श्री चन्द्रेश सांखला
पार्षद

अजमेर 20 अगस्त को नगर निगम चुनाव 2015 के परिणाम आए। जिनमें कुल 60 वार्डो में माली समाज के 9 पार्षदों ने अपनी जीत दर्ज करा समाज का मान बढ़ाया। इसमें छह पार्षद भाजपा से व 3 कांग्रेस पार्टी से जीत कर आए। आखिरकार समाज का मिशन 10 अपने स्तर पर लगभग कामयाब रहा। सबसे प्रमुख पद महापौर का था। जिसमें बड़े कशमकश ड्रामें, हंगामें व लॉटरी से समाज के पार्षद धर्मेन्द्र गहलोत की ताजपोशी हुई। इस अभियान में अजमेर माली समाज की राजनीति एकता व जागरूकता काम आई। इसमें गठित कोर कमेटी के प्रयास सफल हुए। इसके लिए सभी समाज बंधुओं का साधुवाद जिन्होंने प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग दिया। माली समाज इन सभी का आभार व धन्यवाद प्रेषित करता है। और नवनिर्वाचित पार्षदों व महापौर को मैं प्रदीप कच्छावा (रेल्वे), समस्त माली समाज की ओर से तहे दिल से शुभकामनाएं और बधाई देता हूं।

निर्वाचित पार्षदों व महापौर का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है।:-

01. नाम:-श्रीमती उर्मिला गढ़वाल (भाजपा से वार्ड संख्या 26), मो. 9451614481, पता:-गली नम्बर 5 विज्ञाननगर अजमेर। जीत:-567 मतों से।
02. नाम:-विजय सिंह गहलोत (कांग्रेस से वार्ड संख्या 29), मो. 9414003779, पता:- म.न. 157/27/354, गड्डी मालियान जोंसगंज अजमेर। जीत-233 मतों से।
03. नाम:-गोपाल सिंह चौहान (कांग्रेस से वार्ड संख्या 36), मो. 9828062769, पता:-925/29, घोलाभाटा गांव अजमेर। जीत:-697 मतों से।
04. नाम:-श्रीमती बीना टांक (भाजपा से वार्ड संख्या 42), मो. 9829084663,पता:- 1138, यूआईटी कॉलोनी, घोलाभाटा अजमेर। जीत:- 500 मतों से।
05. नाम:- श्रीमती संतोष मोर्य (भाजपा से वार्ड संख्या 44), मो. 9887755406, 9829491882, पता:- 433/34, शिव चौक, पाल बिछला अजमेर। जीत 778 मतों से।
06. नाम:-गणेश सिंह चौहान (कांग्रेस से वार्ड संख्या 48), मो. 9867905250, पता:-नया बाड़ा पुलिस लाईन अजमेर। जीत-431 मतों से।
07. नाम:-महेन्द्र जादम (भाजपा से वार्ड संख्या 49), मो. 9001216200, पता:-नया बाड़ा पुलिस लाईन अजमेर। जीत-586 मतों से।
08. नाम:- धर्मेन्द्र गहलोत (भाजपा से वार्ड संख्या 56) मो.8058933666, पता:-221, प्रगतीनगर कोटड़ा, अजमेर। जीत:-875 मतों से। (दूसरी बार महापौर के पद पर काबिज)
09. नाम:-चन्द्रेश सांखला (भाजपा से वार्ड संख्या 60), मो. 8239192910, पता:-55/248, अलखनंदा कॉलोनी, वैशालीनगर अजमेर। जीत:-251 मतों से।

अजमेर से चन्द्रशेखर मोर्य के साथ प्रदीप कच्छावा की रिपोर्ट।

पत्रिका को अब तक प्राप्त सूचना के अनुसार समाज के विभिन्न जिलों में विजयी पार्षदों की जानकारी निम्नानुसार है :कोटपुतली में 30 वार्डो में से 17 वार्डो में समाज के पार्षद विजयी, अजमेर से समाज के 9 पार्षद ने विजयश्री प्राप्त की। इसी प्रकार नागौर में 9 तथा पीपाड़ में 7 पार्षदों ने विजयश्री प्राप्त कर समाज का नाम गौरवान्वित किया। राजगढ़, किशनगढ़, लालसोट, नवलगढ़, पोकरण, श्रीमाधोपुर से 5 पार्षद विजयी। बांदीकुई, करौली, रामगढ़ शेखावटी, मुंकदगढ़, रानी, सोजत से 4 पार्षद। तिजारा, भादरा, दौसा, रतनगढ़, उदयपुरवाटी से 3 पार्षद विजयी। खैरथल, बाली, खेड़ली, अंतास, किशनाबाढ़, गंगापुर सिटी, सांगरिया, कैकड़ी, विजयनगर, खैरथल, राजदेलसर, रावतसर, लोसल, आसींद, सादड़ी, सुरजगढ़, तारानगर, खेतड़ी, सवाई नगर से 2 पार्षद विजयी। भीलावाड़ा, बिदासर, कपासन, गंगापुर, निवाई, पाली, सरदार शहर से 1 जैतारण। इसके साथ ही उज्जैन में हुए नगर निगम चुनाव में समाज के 5 पार्षदों ने जीत दर्ज की है श्री सोनू गेहलोत, श्रीमती रेखा गहलोत, श्रीमती सपना सांखला, श्री सत्यनारायण चौहान। जिसमें श्री सोनू गहलोत पूर्व की भांति पुन: नगर निगम उज्जैन के अध्यक्ष चुने गये है।

## संत शिरोमणी श्री लिखमीदास जी महाराज के पुण्यतिथि पर विशाल रक्तदान एवं सम्मान समारोह

नागौर। संत शिरोमणी श्री लिखमीदास जी महाराज के पुण्यतिथि शनिवार, 3 अक्टूबर, 2015 को विशाल रक्तदान एवं सम्मान समारोह का आयोजन संत शिरोमणी लिखमीदासजी महाराज स्मारक विकास संस्थान, द्वारा किया जायेगा। संस्थान के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र गहलोत ने बताया कि आज से 80 वर्ष पूर्व समाज के अराध्य संत शिरोमणी श्री लिखमीदास जी महाराज ने अपने 80 वर्ष के जीवन उपरांत विक्रम संवत 1887 आसोज छठ को ग्राम अमरापुरा, नागौर में समाधि लेकर अपना भौतिक एवं सांसकारिक जीवन त्याग कर दुनिया से विदा हुए। इस वर्ष संत श्री की पुण्य तिथि पर प्रात 10 बजे महाआरती तथा उसके पश्चात विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। संस्था सचिव श्री नरेन्द्र सिंह कच्छवाहा ने बताया कि रक्तदान शिविर के पश्चात दोपहर 12 बजे से नगन निकायों में नव निर्वाचित समाज बंधुओं का मान-सम्मान किया जाएगा साथ ही सांय भव्य भजन संध्या का आयोजन भी किया जायेगा। इस अवसर पर आगामी वर्ष में आयोजित होने वाले अराध्य देव मंदिर के उद्घाटन एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम पर सभी से विस्तृत विचार-विमर्श किया जायेगा। सचिव श्री नरेन्द्र सिंह कच्छवाहा ने बताया कि इस अवसर पर प्रदेश के सभी जिलों से भक्तगण एवं समाज की सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी पधारेगें। संस्थान सभी समाज बंधुओं से आग्रह करता है कि इस अवसर पर पधार कर समारोह की शोभा बढ़ाए।

माली समाज की प्रमुख पत्रिका के 10वर्ष पूर्ण कर 11वें वर्ष में प्रवेश करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

हमारे कुलदीपक







हार्दिक बधाई

हार्दिक बधाई

# परसाराम टाक

का राजस्थान प्रशासनिक सेवा (RAS) मैरिट में राजस्थान में 10वां स्थान एवं जोधपुर संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बहुत बहुत बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं

शुभेच्छु : रामचंद्र जी ( पिताजी ), रिद्वारामजी, केवलजी, मंगारामजी( काकोसा ), उरजाराम जी, जवाहरलाल जी, रघुनाथ जी, ओमप्रकाश जी, उम्मेदराम जी, चैनाराम जी, सत्यनारायण जी, संपतराज जी, संतोकराम जी, अशोक जी, मुकेश जी, रामकरण, कमल हंसराज, मनीष ( भाई ), विवेक, योगेश, ऋषि, तनुज ( भतीज ), शुभम् ( पुत्र ) एवं समस्त टाक परिवार, गिदावत नगर, पीपाड़ शहर मो. 9784486711

माली समाज की प्रमुख पत्रिका के 10वर्ष पूर्ण कर 11वें वर्ष में प्रवेश करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



## परसाराम टाक

के राजस्थान प्रशासनिक सेवा (RAS) मैरिट में राजस्थान में 10वां स्थान एवं जोधपुर संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर हार्दिक शुभकामनाएं

शुभेच्छु



रामनिवास चौहान



रामकिशोर सोलंकी


**बालाजी फ्लोर मिल्स**

चतुरावता पूलिया, माता का थान
मैन रोड़, जोधपुर 9414336365

**मातेश्वरी गारमेंटस**

चतुरावता पूलिया, माता का थान
मैन रोड़, जोधपुर

माली समाज की प्रमुख पत्रिका के 10वर्ष पूर्ण कर 11वें वर्ष में प्रवेश करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



## परसाराम टाक

के राजस्थान प्रशासनिक सेवा (RAS) मैरिट में राजस्थान में 10वां स्थान एवं जोधपुर संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर हार्दिक शुभकामनाएं

शुभेच्छु

## अमृता कम्प्यूटर एवं ई–मित्र

(समस्त ई–मित्र सेवाएं हमारे यहां उपलब्ध)



हुकमाराम टाक

कम्प्यूटर कोर्सेज

RS - CIT, RS - CFA, TALLY, DTP ,
HARDWARE AND SOFTWARE
RKCL ITGK

शिव पब्लिक स्कूल के पास, मगरा मैन रोड़, पूंजला, जोधपुर ( राज. )

**पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत होगें दो दिवसीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि**

# जोधपुर भवन हरिद्वार के नये कार्यालय एवं रामदेव जी की मूर्ति की प्राणप्रतिष्ठा 25 को




जोधपुर। अखिल भारतीय माली समाज संस्थान(रजि.) जोधपुर भवन धर्मशाला हरिद्वार के भवन नं. 1 के नवीनीकरण पश्चात नये कार्यालय कमा लोकार्पण दिनांक 26 सितम्बर, 2015 को पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संस्थान के मंत्री श्री किशोर सिंह सांखला ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 25 सितम्बर, 2015 को प्रात: 11.15 बजे भवन नं. 2 में महादेव परिवार मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जायेगा। इसके पश्चात 12.15 बजे भवन नं. 1 में लोकदेवता बाबा रामदेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जायेगा। दिनांक 26 सितम्बर, 2015 को प्रात 11.15 बजे भवन नं. 1 में आधुनिक सुविधा युक्त नवनिर्मित स्वागत कक्ष का लोकार्पण किया जायेगा।

कार्यक्रम में उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री श्री हरीश रावत भी सम्मलित होगे। इसके अलावा समाज के प्रमुख संस्थाओं के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों के साथ ही संस्थान के आजीवन सदस्यों एवं सामाजिक बंधुओं की भी इस कार्यक्रम में सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री ब्रह्मस्वरूप जी ब्रह्मचार्य अध्यक्ष जयराम आश्रम हरिद्वार करेगे।

संस्थान अध्यक्ष श्री बाबूलाल पंवार ने बताया कि इस आयोजन में जोधपुर भवन धर्मशाला के सभी पूर्व अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों के साथ ही संस्थान के ट्रस्टी सदस्यों की उपस्थिति रहेगी। इस आयोजन हेतु सभी तैयारिया पूर्ण कर ली गई है। सभी आंगतुकों के ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था संस्थान द्वारा की जायेगी।

संस्थान अध्यक्ष ने बताया कि भवन नं. 2 में महादेव मंदिर निर्माण में भामाशाह श्री चंदनसिह देवड़ा (ट्रस्टी, हरिद्वार धर्मशाला) ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया। इसी प्रकार भवन नं. 1 में लोकदेवता बाबारामदेव जी मंदिर के लिए भामाशाह श्री गोपाल सांखला ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया। भवन नं. 1 में आधुनिक सुविधा युक्त एसी स्वागत कक्ष के निर्माण में भामाशाह श्री नरेश सांखला (ट्रस्टी, हरिद्वार धर्मशाला) ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया।

कार्यक्रम की तैयारियों के लिए सभी ट्रस्टियोंको अलग अलग कार्य विभाजन किया गया है। संस्थान ने सभी समाज बंधुओं से इस समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पधार कर इसे सफल बनाने का आग्रह किया है।


## नरेश गहलोत निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित



जोधपुर फोटोग्राफी ऐसोसिएशन सन् 2015-2017 के चुनाव जोधपुर स्थित सुमेर स्कूल के प्रागण में संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी सम्पतसिंह भाटी के दिशा निर्देशन में एसोसिएशन के अध्यक्ष पद एवं सहसचिव पद का चुनाव निर्विरोध किया गया एवं अन्य पदों का चुनाव मतगणना के आधार से हुआ। चुनाव अधिकारी श्री भाटी के अनुसार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद नरेश गहलोत उपाध्यक्ष पद पर दिनेश जागिड़, सचिव पद पर सवाईसिंह पीलवा, सहसचिव पद मनोज रांकावत तथा कोषाध्यक्ष पद पर नरेश शर्मा को चुनाव गया। चुनाव में एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कच्छवयाह एवं पूर्व पदधिकारियों का पूर्ण रूप से सहयोग प्राप्त रहा है। इसके फलस्वरूप नई कार्यकारिणी ने इनका आभार व्यक्त किया। जोधपुर फोटोग्राफी एसोसिएशन नरेश गहलोत निर्विरोध अध्यक्ष बनने पर राजनैतिक सामाजिक क्षेत्र उद्यमी पदाधिकारियों ने हार्दिक बधाई प्रेषित की। जोधपुर फोटोग्राफी एसोसिएशन 2015-2017 चुनाव सम्पन्न होने पर जोधपुर शहर में जगह-जगह स्वागत पोल, माला, साफा और गुलाल डालकर भव्य स्वागत किया गया साथ ही अल्पाहार की व्यवस्था गई। जाधेपुर स्थित देवड़ा मार्केट, रितु स्टूडियों पर मुख्य अतिथि श्री ऊँकरराम कच्छवाह अध्यक्ष, पुष्कर धर्मशाला, जगदीश देवड़ा, महेन्द्रसिंह परिहार, दौलतसिंह देवड़ा, हीरालाल गहलोत, मुकेश देवड़ा ने भव्य स्वागत किया गया।


माली समाज की प्रमुख पत्रिका के 10वर्ष पूर्ण कर 11वें वर्ष में
प्रवेश करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मुकेश देवड़ा
श्री विनायक ज्वैलर्स
हमारे यहां पर सोने व चांदी के आभूषण नवीनत्तम डिजाईन में बनायें जाते है।
नृसिंह जी की प्याऊ, माता का थान मैन रोड़,
जोधपुर मोबाईल : 9269706557, 9509828707


माली समाज की प्रमुख पत्रिका के 10वर्ष पूर्ण कर 11वें वर्ष में
प्रवेश करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
ReaL Heaven
Fast Food & Vadilal Scoop Shop
Mata Ka Than Main Road, Jodhpur
Mobile : 9784953953


माली समाज की प्रमुख पत्रिका के 10वर्ष पूर्ण कर 11वें वर्ष में
प्रवेश करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
रितू स्टूडियो
डिजीटल फोटो
एच डी वीडियोग्राफी
अर्जेन्ट फोटो एवं
सभी प्रकार के उत्सवों
एवं मांगलिक कार्यक्रमों
में फोटोग्राफी
जगदीश देवड़ा
प्रेस फोटोग्राफर
समाज की सभी कुलदेवियों के चित्र उपलब्ध है
देवड़ा मार्केट, नृसिंहजी की प्याऊ चौराहा, माता का थान रोड़,
जोधपुर मोबाइल : 94149 14846

## बाबा रामदेव जी के प्रत्यक्ष परचों का संपूर्ण गौरवमय ग्रंथ का लोकार्पण

# बाबा रामदेव कलयुग के अवतार, सभी के तारणहार – कुशाल गिरीजी





जोधपुर। आज के इस भोतिकवाद के युग में बाबा रामदेव जैसे अवतारों ने न सिर्फ मानवमात्र की सेवा तथा उनका कल्याण किया उनके भक्तों पर भी समय समय पर अपने परचों से कल्याण किया। यह बात आज श्री नर नारायण बाबा रामदेव जी की महिमा बहुरंगीय ग्रंथ के लोकार्पण के सुअवसर पर महामण्डलेश्वर संत श्री कुशाल गिरी जी महाराज, संचालक श्री कृष्ण गौपाल गौशाला, नागौर ने अपने उद्‌बोधन में कही।

उन्होनें बाबा रामदेव के अनेकों चमत्कारों के वर्णन की विस्तृत जानकारी से युक्त ग्रंथ की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए इस ग्रंथ को लिखने व आत्मासात करने वाले संत श्री प्रेमसिंह गहलोत का इस अवसर पर अभिनंदन कर उनको आशीर्वाद दिया।

संस्था के सचिव श्री सूर्यप्रकाश गहलोत ने बताया कि आज श्री नर नारायण बाबा रामदेव जी की महिमा के बहुरंगीय ग्रंथ के लोकार्पण कार्यक्रम में महामण्डलेश्वर संत श्री कुशालगिरी जी महाराज के मुख्य आतिथ्य में हुए समारोह में संत शिरोमणी लिखमीदास सेवा संस्थान के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र गहलोत ने अध्यक्षता की तथा जोधपुर भवन धर्मशाला , हरिद्वार के मंत्री श्री किशोर सिंह सांखला, सूरसागर विधायक श्रीमती सूर्यकांता व्यास ने विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे।

आज के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री राजेन्द्र गहलोत ने बताया कि बाबा रामदेवजी जी कलयुग के अवतार है साथ ही भक्तों की हर मनोकामना को पूर्ण करते है इनके दरबार में जो भी जाता है वो खाली हाथ नहीं लौटता है छोटा हो या बड़ा, अमीर या गरीब सभी की मनोकामनाएं यहां पूर्ण होती है। आज बाबा रामदेव जी परचों का मारवाड़ ही नहीं पूरे भारत में इतनी चर्चा है कि भक्तगण मध्यप्रदेश, आसाम, उत्तरप्रदेश आदि प्रदेशों के अलावा राजस्थान के विभिन्न अंचलों से लाखों की संख्या में भक्त पैदल ही बाबा के दरबार में उपस्थित हो कर अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर बाबा काआभार प्रकट करने आते है। हजारों भक्त हर वर्ष बाबा के दरबार में उपस्थित होते है। इन भक्तों हेतु पूरे रास्ते में हजारों की संख्या में राम रसोड़ें संचालित होते है जहां बाबा के भक्तों को नि:शुल्क भोजन, चाय नाश्ता तथा विभिन्न प्रकार की स्टालों लगा उनकी सेवा करते है।

महामण्लेश्वर श्री कुशालगिरी जी महाराज ने इस अवसर पर अपने प्रवचन में कहा कि बाबा के परचों की सत्य घटनाऐं का इस ग्रंथ में अति सुंदर तरीके से व्याख्या की गई है संत श्री प्रेमसिह गहलोत ने अपने जीवन के 4वर्ष इस ग्रंथ के लिए जो मेहनत की है वह इस ग्रंथ को पढ़ने से ज्ञात हो जाता है उन्होंने ग्रंथ के सभी परचों की विस्तृत व सटीक जानकारी प्राप्त कर इसे प्रकाशित किया है जो हम सभी भक्तों के लिए बाबा के प्रसाद स्वरूप है। हम सभी को इस ग्रंथ को अपने घरों के मंदिरों में रख कर नित्य इसका अध्ययन कर बाबा रामदेवजी का आशीर्वाद लेना चाहिए।

संत श्री प्रेमसिंह गहलोत द्वारा सूरसागर में बनायें मंदिर के बारे में जानकारी के अनुसार बाबा रामदेव जी की 7 फुट की एक ही पत्थर से बनी मूर्ति देखने लायक है। इसके अलावा इस मंदिर की भव्यता यह है कि पूरा मंदिर विश्व प्रसिद्व जोधपुर पत्थर से अति सुंदर कला का नमूना है बाबा रामदेव जी की इन पर विशेष कृपा रही है कि जब मंदिर की प्रतिष्ठा हुई तब भी वर्षा से पूरे मंदिर का जलाभिषेक हुआ तथा आज इस ग्रंथ के लोकार्पण के सुअवसर पर भी बाबा रामदेव जी के भक्तों को घनघोर वर्षा से बाबा ने जलाभिषेक कर अपना आशीर्वाद प्रदान किया है।

इस अवसर पर जोधपुर के विभिन्न प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ सर्व समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने ग्रंथ के लोकार्पण कार्यक्रम में उपस्थित हुए। कार्यक्रम के अंत में सभी भक्तो ने बाबा की प्रसादी का आनंद लिया। आयोजकों ने सभी भक्तों का इस अवसर पर पधारने पर आभार प्रकट किया।



जैतारण विश्व विद्यालय छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर विजयी शैलेष भाटी का जूलूस

माली समाज की
प्रमुख पत्रिका
के 10वर्ष पूर्ण कर
11वें वर्ष में
प्रवेश करने पर
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं



9214511021 पृथ्वीसिंह
9636410217 पीयूष गहलोत


GIA

# श्री गणेश आयरन ऐजेन्सी

**आयरन व स्टील के सप्लायर्स**



अरूण गहलोत





पृथ्वीसिंह गहलोत

प्लॉट नं. 2, हरिओम नगर, माता का थान रोड़,
मगरा पूंजला, जोधपुर ( राज. )

**ईटों के लिए सम्पर्क करें।**

# भारत सेवा संस्थान, जोधपुर में श्री अशोक गहलोत ने प्रशासनिक सेवा में चयनित अधिकारियों का किया सम्मान







जोधपुर। भारत सेवा संस्थान, राजीव गंधी सेवा सदन मानजी का हत्था पावटा द्वारा संचालित प्रतियोगी परिक्षा केन्द्र में अध्ययरत विद्यार्थियों के राजकीय एवं अन्य सेवाओं में सफलता अर्जित करने वाले विद्यार्थियों कासम्मान समारोह भारत सेवा संस्थान परिसर में आयोजित किया गया।

संस्थान के प्रभारी श्री नरपतसिंह कच्छवहा ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि श्री अशोक गहलोत तथा अध्यक्षता श्री शरद जैन ने की।

